Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-06-2022 अंक 252

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रांची की घटना के बाद बरही अनुमंडल में धारा 144 के तहत निषेधज्ञा लागू

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



रांची में हुई पथराव एवं तोड़फोड़ की घटना के बाद बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे बरही अनुमंडल में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया है।

कोई भी व्यक्ति संस्था/ संगठन/ समूह/ राजनेतिक दल जब तक किसी आयोजन का विधिवत सक्षम अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते है। तब तक आयोजन का प्रचार प्रसार नही किया जायेगा।

निषेधज्ञा क्षेत्रांतर्गत चार या चार से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा।

सम्पूर्ण क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किसी भी व्यक्ति को अपने अनुज्ञप्ति प्राप्त पत्र को लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने एवं प्रदर्शित करने पर रोक लगाई जाती है।

बिना किसी अनुमति के जुलूस, धरना, प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने पर रोक लगाई जाती है।

किसी भी प्रकार का बैनर/झंडा/पोस्टर इत्यादि जिन पर किसी भी धर्म, व्यक्ति संप्रदाय, जाति या समुदाय के विरुद्ध नारे या किसी प्रकार का भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया हो। या उसका किसी भी ( निजी/ सार्वजनिक) स्थलों पर प्रदर्शन पूर्णता प्रतिबंध रहेगा।

किसी भी भवन/संपति( निजी/ सार्वजनिक) पर आ. पत्तिजनक भाषा अथवा भड़काऊ नारे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

कोई भी व्यक्ति/ समुदाय के द्वारा धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार का गलत सूचना एवं अफवाये नही फैलाई जाय ताकि शांति व्यवस्था भंग न हो

किसी भी सोशल नेटवर्किंग जैसे व्हाट्सएप ऐप/ ट्वीटर/ फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ सांप्रदायिक मैसेज/ अ०डियो/ वीडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध। उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति/ एडमिन पर सुसंगत धाराओं के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

किसी भी प्रकार का शस्त्र, घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, लाठी इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

अनुमंडल पदाधिकारी या अन्य प्राधिकृत पदाधिकारी के आदेश के बिना उपरोक्त आदेश के उल्लंघन किए जाने पर भा०द०सा० 1860 की धारा 188 के तहत एवं Distress Management act 2005 की धारा 51- 60 के अंतर्गत कार्यवाई की जाएगी। परंतु यह आदेश पुलिस प्रशासन तथा विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था में लगे कर्मियो अथवा पदाधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

## डॉ भीमराव अंबेडकर में योग शिविर का किया गया आयोजन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य सूरज दास ने विधिवत योग का शुरुआत किया और बच्चों को योग करवाया। योग का शुरुआत योगिंग-जॉगिंग से करते हुए आसन, प्रणायाम करवाया। ताड़ासन ,वृक्षासन, त्रिकोणासन, मंडूकासन,पादहस्तासन,सिंहासन, अलोम - विलोम प्रणायाम,कपालभाति,भ्रामरी, बाह्य-प्रणायाम एवं दो मिनट का मौन साधना किया। योगाचार्य सूरज दास ने कहा कि हमलोगों को नियमित योग करना चाहिए। योग करने से हमारा शरीर हर प्रकार के बीमारियों से मुक्त रहता है। विधालय के प्रधानचार्य गुलाब कु दास ने कहा कि योग करने से विभिन्न बीमारी दूर हो जाता है इसलिए योग करें निरोग रहें। मौके पर विद्यालय के प्रधानचार्य गुलाब कु दास, दिनेश यादव, सूरज दास, शंकर दास, शिव कुमार,प्रवीण कुमार, सकलदेव यादव,पूजा कुमारी,ललिता कुमारी,पूजा कुमारी सहित स्कूल के सैकड़ों छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

## यादव समाज ने मनाया लालू यादव की 75 वाँ जन्मदिन

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही यादव समाज के लोगो ने शनिवार को धनबाद रोड में स्थित पेट्रोल पंप के बगल में न्याय के पुरोधा,गरीबों,शोषितों,वंचितों,दबे-कुचलों की आवाज, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव का जन्मदिन मनाया गया। वही मौके पर मौजूद यादव समाज के जिला महामंत्री संजय यादव ने बताया की लालू यादव हमेशा गरीबों के पक्षधर रहे है। मौके पर यादव, सकलदेव यादव, सुनील यादव, मनोज यादव, यादव, सुधीर यादव एवं जिला महामंत्री संजय यादव, समजसेवी प्रमेशवर यादव, सुनील यादव, पंचायत धीरज कुमार कुमार मौजूद सत्यपाल यादव, विनोद पिंटू यादव, सचिन यादव, समिति सदस्य मनोज कुमार थे।

## रेन्बो स्कूल में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता सह प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### बाल श्रम को रोके बिना अधूरी है भारत की तरक्की : सिकंदर प्रसाद कुशवाहा





अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बरही शिवपुर स्थित रेनबो स्कूल में जागरूकता सह पेंटिंग, नि. बंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 2 से कक्षा दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें कक्षा 2 से 7 तक के विद्यार्थियों को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस थीम पर पेंटिंग, कक्षा 8 के विद्यार्थियों को बाल मज. दूरी एक अभिशाप पर नि. बंध प्रतियोगिता एवं कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों ने एंटी चाइल्ड लेबर डे पर लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही साथ साथ कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा गया कि, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा वर्ष 2002 से हर साल 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है और लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों को उनके बचपन से जोड़कर उन्हें शिक्षित करने के संबंध में भी बताया गया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि बाल श्रम एक अपराध है और इसको बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उन्हें बताया गया कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। बाल श्रम के कारण बच्चों से उनका बचपन छिन जाता है। वर्तमान मे देखा जाए तो यह अपराध हर दिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों से बाल श्रम कराने के बजाय उन्हे स्कूल मे भेजे जहां वह शिक्षा ग्रहण कर आगे अपने भविष्य मे बदलाव ल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम को रोके बिना भारत की तरक्की अधूरी है। कार्यक्रम के अंत प्रतियोगिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कृत किए जाने वाले बच्चों में कक्षा दूसरी से प्रवीण कुमार, तीसरी से दीपशिखा कुमारी, चतुर्थ से आर्यन कुमार, पांचवी से सिमरन कुमारी, कक्षा छः से सुधीर कुमार, सांतवी से पूनम कुमारी, आंठवी से सुलेखा कुमारी, नवीं कक्षा से संदीप कुमार तथा दसवी से निशी कुमारी ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरी शंकर, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, पवन कुमार, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, स्वेता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, रानी कुमारी, प्रीति कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रजापति समाज की बेटी इशिका राज ने जीता मिस झारखण्ड फेम का खिताब

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



प्रजापति समाज की बेटी ईशिका राज ने रांची के एकलव्य वेंकट हॉल में 9 जून 2022 को आयोजित मिस झारखण्ड फेम प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान पाकर मिस झारखण्ड फेम का खिताब पर कब्जा की है। मिस इशिका राज रामगढ़ झारखण्ड की रहने वाली हैं। जिनके पिता जननन्दन कुमार और माता का नाम आशा पंडित है। प्रजापति समाज की इशिका राज मिस झारखण्ड बनकर न केवल झारखण्ड का नाम रौशन किया बल्कि अपने माता पिता के साथ साथ प्रजापति समाज को भी गौरान्वित किया है। मिस झारखण्ड बनने की सूचना मिलते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वालो में बीपीएचओ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल है।




## घरेलू विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

बरही थाना अंतर्गत बेंदगी में हुई आपसी विवाद में पार्वती देवी उम्र 35 वर्ष पति कविराज यादव घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## काली रजक बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

### दिग्थु गैड़ा विद्यालय का नाम जिले स्तर पर होगा – धीरज कुमार

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिग्थु गैड़ा प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी रामचन्द्र यादव ने किया। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष रानी देवी व सदस्य अशोक यादव के पुत्र का नामांकन अन्य विद्यालय में हो जाने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिसको लेकर अध्यक्ष व एक सदस्य का चयन को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की गई। इस दौरान नए सदस्यों में रूना देवी व मनीता देवी का चयन किया। बाद में सदस्यों ने सर्वसम्मति से काली रजक को अध्यक्ष चुन लिया गया। मौके पर जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सरकार की ओर से दी गई है, जिन्हें निर्वहन करना सभी सदस्यों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य विद्यालय के शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान देकर बच्चों का भविष्य सुधार सकते हैं। वहीं पिपराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने कहा कि काली रजक पूर्व में भी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में विद्यालय में कई बेहतरीन कार्य किए गए हैं। उन्होंने काली रजक को बेहतर कार्य करने और विद्यालय में शिक्षा का स्तर को बढ़ाने में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिग्थु गैड़ा को जिले में पहचान दिलाने का काम करूंगा। मौके पर प्रधानाध्यापक बालेश्वर यादव, सहायक शिक्षक चंदा देवी, सहदेव यादव, कृष्णमुरारी यादव, महेंद्र यादव, राजेंद्र पंडित, जितेंद्र राणा, संतोष रजक, अशोक यादव, सुमित्रा देवी, प्रकाश पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष काली रजक

## ढोढाकोला पंचायत के कुशाहना गाँव में श्री श्री 108 शिव प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



डोमचांच प्रखंड अन्तर्गत ढोढाकोला पंचायत के कुशाहना गाँव में श्री श्री 108 शिव प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में 152 महिलाओं ने पाँच किलोमीटर पैदल चल कर उत्तरवाहिनी हरैया नदी से जल भर कर यज्ञ स्थल पर कलश को स्थापित किया। इस दौरान यज्ञ समिति के आयोजक ने बताया की रविवार को देवी पूजा, सोमवार को वेदी पूजा, मंगलवार को शोभा यात्रा एवं विसर्जन किया जाएगा। जबकि बुधवार को यज्ञ विसर्जन, कन्या पूजन, ब्राह्मण भोजन और महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है। प्रतिदिन संध्या में आरती और कथा का भी कार्यक्रम रखा गया है। यज्ञ में पूजा अर्चना कराने के लिए अयोध्या से आचार्य रमाकांत पांडेय एवं उपाचार्य सुनील शास्त्री जबकि कथावाचक के रूप अनिल शास्त्री एवं उनके साथ भोला पांडेय, जितेंद्र कुमार पांडेय आदि पहुंचे हुए है। यज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में ढोढाकोला पंचायत की मुखिया सीता देवी, बसरोन के मुखिया नारायण सिंह, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी के अलावे तुलसी कुमार, बहादुर कुमार, दिनेश सिंह, दिलीप सिंह, राजू तुरी, धर्मवीर सिंह, प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, सरजु सिंह, वीरू सिंह, रवि सिंह, जयवंती देवी, कंचन देवी व अन्य लोग लगे हुए है।

## गैड़ा में हुआ जिला परिषद सदस्य महादेव राम का भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड के पिपराडीह पंचायत अंतर्गत गैड़ा गांव में चंदवारा पूर्वी के नव. निर्वाचित जिला परिषद सदस्य महादेव राम का भव्य स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य महादेव राम को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने उनका स्वागत किया। मौके पर महादेव राम ने कहा कि जिस प्रकार से दूसरी बार यहां की जनता ने मुझ पर विश्वास कर हमारे पक्ष में मतदान कर विजय हासिल कर आया है मैं उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा वहीं पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने कहा कि महादेव राम जैसे संघर्षशील व्यक्ति को पुनः जीता कर चंदवारा पूर्वी की जनता बहुत ही नेक काम किया है। मौके पर रामचंद्र यादव, राजेंद्र पंडित, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष काली रजक, कुलवीर यादव, जितेंद्र राणा, सुमित्रा देवी, अनीता देवी, भुनेश्वर रजक, भुनेश्वर यादव, प्रसादी धोबी, रोहित रजक, संतोष रजक, दिनेश यादव, प्रदीप रजक, किशोरी राणा, गिरीश रजक, राजकुमार रजक, महेश रजक, रामेश्वर धोबी, रानी देवी, प्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

APEM LIVE

## आजादी के अमृत महोत्सव पर उप विकास आयुक्त ने बैठक कर जिले भर में 75तालाबों को निमार्ण/जिर्णोद्धार का दिया निर्देश






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गिरिडीह ज़िला में कुल 75तालाबों का जिर्णोद्धार/नया निर्माण किए जाने से संबंधित बैठक उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा देश के सभी जिलों में 75अमृत सरोवर तालाब का निमार्ण/जिर्णोद्धार का निर्देश दिया गया हैजिनमे पौंडेज एरिया कम से कम एक एकड़ हो एवं वाटर होल्डिंग क्षमता लगभग 10, 000क्यूबिक मेटर होगा। भाष्करचार्या नेशन इंस्टीट्यूट आफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जेयोमेट्रिक नेशनल के द्वारा तालाबों में स्थल को चिन्हित किया गया है इसके चयन में जमीन की उपलब्धता टोपोग्राफी, सोल डेप्थ, सोल का प्रकार एवं जियोल०जी के आधार पर स्थल चयनित किया गया है। इसके तहत गिरिडीह जिला में अमृत सरोवरों की विवरणी निम्नवत हैरूप्रखंड बगोदर में तालाबों की संख्या 07है जिसमे सारे तालाब नए होंगे, बेंगाबाद में 16तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 15नए तालाब, बिरनी में 08तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 07नए, देवरी मे 02तालाब दोनो नए, डुमरी में 07तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 06नए, गांडेय में 03तालाब में से तीनो नए, गावां में 01तालाब का जिर्णोद्धार मात्र, गिरिडीह में 09तालाब में से 06जिर्णोद्धार और 03नए, कमुआ में 08तालाब में से 06जिर्णोद्धार और 02नए, पीरटांड़ में 11तालाब में से 04जिर्णोद्धार और 07नए, सरिया में 02तालाब दोनो ही नए और तिसरी में 06तालाब में से 05जिर्णोद्धार और 01नए तालाब निर्माण होना है। कुल 25तालाबों का जिर्णोद्धार एवं 50नए तालाबों का निमार्ण किया जाएगा। सभी 75तालाबों के भूमि का प्रकार निम्नांकित हैरूगैरमजरुआ भूमि पर 31तालाब, वन क्षेत्र भूमि पर 23तालाब, रैयत भूमि पर 19तालाब, सीसीएल भूमि पर 01तालाब और नगर क्षेत्र में 01तालाब का निमार्ण/ जिर्णोद्धार हेतु तालाबों के स्थल की जांच प्रशासनिक एवं तकनीकी दल के द्वारा किया जायेगा। स्वतंत्रता सेनानी/शहीदों के गांव को प्राथमिकता दी जाएगी। तालाब का स्थल वन भूमि में होने पर वन विभाग से एनओसी प्राप्त किया जाना है अथवा वन विभाग अपने स्तर से भी तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार करवा सकते हैं। तालाब निर्माण स्थल पर साइन बोर्ड 54का लगाया जाना है। तालाब निर्माण कार्य से पूर्व इसे ग्राम सभा से पारित करवाना है। तालाब तैयार होने पर वहां पर आस पास नीम, पीपल और बरगद का पौधा लगाया जाएगा। पंद्रह अगस्त 2022को किसी स्वतंत्रता सेनानी/उनके परिजन/शहीद के परिजन/किसी स्थानीय पदम् पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति/वहां के सबसे बुजुर्ग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जाएगा। तालाब निर्माण के पर्यवेक्षण हेतु पंचायत स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर समिती का गठन होगा। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में समिती का निमार्ण होगा। तालाबों का निमार्ण/ जिर्णोद्धार हेतु विभिन्न स्तरों पर इसका रिक०र्डिंग किया जाएगा एवं लघु फिल्म बनाकर इसे प्रसारित भी कराया जाएगा। तालाबों का निमार्ण/जिर्णोद्धार के निर्माण के पूर्व के समय एवं पूर्ण होने के बाद तालाब का जियो टैगिंग, फोटोग्राफी एवं वीडियो मन. रेगा एप पर डाला जायेगा। साथ ही इसे सफलता की कहानी के रुप में सोशल मीडिया पर भी डाला जायेगा। तालाब का आकार 210फिट लंबा 210फिट चौड़ा और दस फीट गहरा होगा। तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार के बाद तालाब के जल का उपयोग मत्स्य पालन, सिंचाई आदि हेतु स्थानीय स्तर पर समूह गठन कर किया जाएगा। तालाबों के निर्माण/जिर्णोद्धार हेतु स्थलों की जांच हेतु पांच दल का गठन किया गया है जो कि स्थल जांच कर तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार का प्राक. कलन देंगे। प्रत्येक दल में एक अभियन्ता और एक प्रशासनिक पदाधिकारी रहेंगे जो निम्नवत प्रकार से हैरू1कार्यपालक अभियंता एनआरईपी गिरिडीह एवं जिला कृषि पदाधिकारी गिरिडीह 2–कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गिरिडीह एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी गिरिडीह 3–कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 01गिरिडीह एवं जिला कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह 4–कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 02गिरिडीह एवं जिला पंचायती पदाधिकारी गिरिडीह 5–कार्यपालक अभियंता लघु एवं सिंचाई विभाग गिरिडीह एवं जिला खनन पदाधिकारी गिरिडीह। वन भूमि के तालाबों के जांच में वन विभाग के पदाधिकारी सं. बंधित अभियंता के साथ जांच करेंगे। जलछाजन क्षेत्र के तालाबों के जांच में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सं. बंधित अभियंता रहेंगे। उप विकास आयुक्त ने गठित पांचों दलों को तालाब के निर्माण/जिर्णोद्धार के स्थल का निरीक्षण कर प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। आज के बैठक में जिला भूमि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल 02, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, ज़िला सुचना एवं जनसंपर्क पदा. धिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## संकट मोचन नामक बजाज शोरूम का हुआ उद्धघाटन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के राजधनवार मुख्य मार्ग बरहमसिया बैंक ऑफ इंडिया के बगल में संकट मोचन नामक का बजाज शोरूम का उद्धघाटन परसन मुखिया रामदेव यादव बरमसिया मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा जारीडीह मुखिया राजमणि सिंह बरमसिया पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार र०य ने संयुक्त रूप से फीता काट्कर किया। वही सभी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दिए कहा कि बरमसिया में एक बजाज शोरूम होना बहुत जरूरी था। अब लोगों को बाइक लेने में बहुत सुविधा मिलेगा। वही संकट मोचन नामक बजाज शौरूम का संचालक मदन वर्मा ने कहा कि हमारे यहां एक से बढ़कर एक म०डल में बजाज बाइक मिलेगा। सर्विसिंग का सुविधा मेरे यहा लोन पर भी बाइक लेना उपलब्ध हैं। वही गिरिडीह के प्रयाग बजाज के कमांड एरिया मैनेजर सचिन कुमार गुप्ता बताया कि अगर कोई ग्राहक बजाज का कोई बाइक 60:दे कर लेता है।तो उसे 12 माह तक का ब्याज नही लगेगा सिर्फ क़िस्त भरना होगा लोगो को बजाज बाइक लेने में सु. विधा मिलेगा वही उद्धघाटन होते ही फस्ट बाइक विजय कुमार राय ने खरीदा उसे सभी लोगों ने दी बधाई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन वर्मा टुपलाल राय अर्जुन राम लक्षमी वर्मा प्रोफेसर बहादुर महेंद्र वर्मा विनोद वर्मा पिंकू वर्मा मुकुंद चौ. हान आदि दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित रहे

## भाकपा माले नेता सह कैरियर कैंपस निदेशक राजेश सिन्हा छात्रों से किया गिरिडीह में शांति की अपिल

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



अपना जिला गिरिडीह में शान्ति का माहौल हो इसके लिए सबसे पहले जनता उसके बाद नेता की समझदारी जरूरी है,भारत में कौन नहीं देता भड़कायु भासन जो भी नेता देते है उनका समाज से कोई लेना देना नहीं रहता,वह इसलिए बयान देते है कि कैसे फेमस हो कैसे टिकट मिल जाय। इतनी गंदी राजनीति में हमसब जी रहे है यदि सुधारा नहीं गया तो,आने वाली पीढ़ी परेशान रहेगी,अब नेता जिन मुद्दों को टच नहीं करना चाहिये था उन मुद्दों को भी टच करते है,नेताओ का बयान आजकल बाजारू हो रहा है,नेता मतलब नेतृत्व की क्षमता होती है, जिस नेता के बयान पर राजनीति होनी शुरू हो रही है,इसको बेन करना चाहिए,टेलीविजन डिबेट बंद होनी चाहिये,वाट्सएप ग्रुप में सोसल मीडिया में धार्मिक भड़कायु बयान बंद होनी चाहिए,देश गर्त में जाएगा यदि भाईचारा बरकरार नहीं रहेगा। भारत मे कई दल ने नेताओ को महारत हासिल है उल्टा बयान देने में,सबसे पहले विवादित बयान जो भी धर्म से रिलेटेड हो चाहे कोई भी धर्म का हो सजा तय हो।नॉजवानो वाला देश जहाँ रोजगार के लिए आंदोलन करना चाहिए वही बेरोजगार अब धार्मिक बात को तबज. जो देने लगे है,इसपर मंथन करने की जरूरत है,मन को ठेस पहुचाने वाली बात गंभीर है,कोई भी धर्म के लोग हो या नेता हो गलत बोलने की आज़ादी तत्काल अधिकार से खत्म करना चाहिए। प्रशासन सचेत है,प्रशासन सक्षम है आपसी भाईचारा कायम करने में और जो गड़बड करे उनको भी सीधा रास्ता समझाने में,लड़ाई झगड़े से रोज कमाने खाने वाले का घर परेशान होता है,उस समय धर्म वाले भी सब मदद करने से दूर भागते है।

## जिला परिषद् अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद के लिए खरीद-फरोख्त करना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



शुक्रवार को गिरिडीह में भाकपा माले समर्थित नवनिर्वाचित जिप सदस्यों की एक मीटिंग जिला सचिव पूरन महतो की अगुवाई में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 20 जून को होनेवाले जिप अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद जिप सदस्यों तथा माले नेताओं ने एक स्वर में जिला परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर हो रहे खरीद-फरोख्त का विरोध किया और कहा कि, यह जनता के द्वारा दिए गए जनादेश का सीधा अपमान है और ऐसे इन हथकंडों को अपनाने वाले कभी भी गिरिडीह जिले का भला नहीं कर सकते। कहा कि, माले समर्थित प्रतिनिधियों ने हमेशा ही खरीद-फरोख्त के बूते अध्यक्ष/उपाध्यक्ष की कुर्सी हथियाने का विरोध किया है और पिछले दोनों ही बार के चुनाव इसके प्रमाण हैं। यह भी कहा कि, गलत तरीके से कुर्सी हथियाने का नतीजा जिले की जनता देख चुकी है। बैठक में जिप सदस्य उस्मान अंसारी, विजय कुमार पांडेय, लालमनी यादव, सोनी हसन, सरिता देवी, पिंकी भारती सहित पार्टी नेता राजेश यादव, अशोक पासवान, मनोवर हसन बंटी, मुस्तकीम अंसारी, मनोज कुमार पांडेय अन्य मौजूद थे।

## छत पर वज्रपात से महिला की मौत

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड के खरकी पंचायत अंतर्गत कारीडीह गांव में शनिवार के दोपहर बाद अचानक आए तेज तूफान व बारिश के साथ वज्रपात से आदिवासी महिला बंधनी देवी (30) पति बिरसा गंझू की मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला बारिश के कारण अपने घर की छत पर सूखने के लिए पसारे गए गेंहू समेत कुछ सामान को उठाने के लिए छत पर गई हुई थी। वह समान उठा ही रही थी कि अचानक तेज वज्रपात ने महिला को अपनी चपेट में ले लिए। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जुटे तो देखकर बताया कि वज्रपात इतना तीव्र था कि छत की ढ़लाई तक फट गई है और गड्ढे उभर आए हैं।

## पचंबा चितरडीह जनुआ मुख्य पथ को जोड़ने वाली बेरहाबद करोडीह सड़क जर्जर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



पचम्बा चितरडीह जमुआ रोड को जोड़ने वाली बडाडीह बेरहाबाद कारोड़ीह रोड तीन साल से पूरी तरह से उखड़ कर जर्जर हो चुकी है। करीब चार किलोमीटर लंबी सड़क जो पांच कृषि प्रधान गांवो से होकर गुजरती है में इतने सारे बोल्डर और गड्ढे है जिनको गिनना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन भी है। लोग बड़ी मुश्किल से रोड पार करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती मᅠ. हलाओं को इलाज हेतु ले जाते समय होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आने जानें में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लोग विकास के लिए वोट देते हैं मगर प्रतिनिधि विजय होकर मतदाताओं को उनके हाल पर छोड़ कर अपनी कुर्सी से चिपक जाते हैं और अपनी जेब भरने की जुगात भिड़ाने लगते हैं। गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड में स्थित यह रोड जमुआ विधायक केदार हाजरा के पैतृक निवास से होकर गुजरती है फिर भी जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। पूरे रोड में बोल्डर और गड्ढे ही नज़र आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड इतनी जर्जर है कि बाइक का टायर छः महीने भी नहीं चल पाती है और कई ने तो गिरकर हाथ पैर भी तुड़वा चुका है। लोगों का कहना है कि जमुआ विधायक इस जर्जर रोड की सुध ले वरना हम लोग आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार